FORM NO. III

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बिजौलियां जिला भीलवाड़ा (राज0)

तारीख दायर : 21.09.2021

प्रकरण संख्या :54 / 2021

अनवान

सीतादेवी पत्नि मोहनलाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बेरीसाल तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज.

.... प्रार्थी

बनाम

01. रामलाल पिता गोरीलाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बिजौलिया खूर्द तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज.
02. भवानीलाल पिता मोतीलाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बेरीसाल तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज.

.... विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 रा0ले0रे0एक्ट

– : आदेश : –

दिनांक 30 / 11 / 2021

प्रार्थना पत्र सीतादेवी पत्नि मोहनलाल जाति धाकड उम्र वयस्क पेशा कृषि निवासी बेरीसाल तहसील बिजौलिया जिला भीलवाडा राज. ने जरिये अभिभाषक श्री रामफूल धाकड प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि मौजा ग्राम बिजौलिया खुर्द पटवार हल्का बिजौलिया खुर्द तहसील बिजौलिया की सरहद में खाता सं. 786 पर अंकित आराजी सं. 2222 / 525 रकबा 0.1376 है0 एवं खाता सं. 789 पर अंकित आराजी सं. 525 रकबा 0.2104 है0 भूमि सामलाती दर्ज है। विपक्षीगण आये दिन सीमाओं को लेकर विवाद करते रहते है। अतः पत्थरगढी का आदेश प्रदान कराया जावें। साथ में प्रार्थना पत्र की ताईद में शपथ पत्र संलग्न है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर करवाया गया।

अतः प्रशासन गॉवों के संग अभियान–2021 में शिविर स्थान ...कांस्या... में पत्रावली पेश हुई हमनें पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली में संलग्न जमाबन्दी सम्वत 2075–2078 के अवलोकन से प्रार्थी वादग्रस्त आराजीयात का खातेदार / गैर खातेदार काश्तकार है। पडोसीयान के विवाद करने बाबत् शपथ पत्र संलग्न है पत्थरगढी से किसी स्वत्व पर कोई विपरित प्रभाव नहीं पडता है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111–128 राजस्थान लेण्ड रेवेन्यु एक्ट स्वीकार किया भूमि प्रार्थी की खातेदारी भूमि मौजा ग्राम बिजौलिया खूर्द पटवार हल्का बिजौलिया खूर्द तहसील बिजौलिया की सरहद में खाता सं. 786 पर अंकित आराजी सं. 2222 / 525 रकबा 0.1376 है0 एवं खाता सं. 789 पर अंकित आराजी सं. 525 रकबा 0.2104 है0 भूमि सामलाती दर्ज की बशामलात सभी काश्तकारान एवं पडोसीयान को सूचित करते हुए पत्थरगढी करने हेतु आदेशित किया जाता है एवं पत्थरगढी शुल्क राशि **100 / –** रूपये राजकोष में जमा होने पर पालनार्थ तहसीलदार बिजौलियां को लिखा जावें। भू0अ0नि0 बिजौलियां खुर्द को कमिश्नर नियुक्त किया जाता हैं। फीस **500 / –** रूपये वक्त पत्थर गढी प्रार्थी मौके पर अदा करेगा। प्रार्थना पत्र निर्णित होकर नम्बर से कम हों।

आदेश सुनाया गया।

प्रशासन गाँवों संग अभियान-2021 उपखण्ड बिजौलियाँ

(सीमा तिवारी)
उपखण्ड अधिकारी
बिजौलियां

प्रशासन गाँवों के संग अभियान-2021
(उपखण्ड अधिकारी)
बिजौलियाँ (भीलवाड़ा)